web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 09 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 343

महत्वपूर्ण एवं खास

देखते ही देखते दो हिस्सों में बंट गई मगध एक्सप्रेस, यात्रियों में मच गई चीख-पुकार

बक्सर (आरएनएस)। बिहार में एक रेल हादसा हुआ है जिसमें मगध एक्सप्रेस का काप्लिंग टूटने के कारण ट्रेन दो भागों में बंट गई। यह घटना दानापुर-बक्सर मेन लाइन पर टुड़ीगंज स्टेशन के समीप डाउन मगध एक्सप्रेस के डिब्बों के बीच हुई। काप्लिंग टूटने से एस-7 डिब्बा अलग हो गया और बाकी डिब्बे ट्रैक पर रुक गए, जिससे यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। हादसा लगभग 11:01 बजे हुआ, जब 20802 डाउन मगध एक्सप्रेस डुमरांव स्टेशन से 10:58 बजे रवाना हुई थी। जैसे ही ट्रेन टुड़ीगंज स्टेशन के पास नुआंव गुमटी के समीप पहुंची, एस-7 डिब्बे का काप्लिंग टूटकर अलग हो गया। इसके कारण एस-7 डिब्बा एसी के साथ आगे निकल गया, जबकि अन्य डिब्बे ट्रैक पर रुक गए। ट्रेन ड्राइवर ने तुरंत ट्रेन को रोक दिया, जिससे किसी प्रकार की बड़ी दुर्घटना टल गई। हादसे के बाद डाउन मेन लाइन पर रेल परिचालन ठप हो गया है। रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं, लेकिन अभी तक डाउन लाइन के परिचालन की बहाली के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। इस हादसे में किसी यात्री के हताहत होने की खबर नहीं है। रेलवे के कर्मी फिलहाल स्थिति को सामान्य करने में जुटे हुए हैं।

नीमराणा हाइवे किंग होटल पर ताबड़तोड़ फायरिंग, 5 करोड़ की फिरौती मांगी

नीमराणा (आरएनएस)। रविवार को नीमराणा हाइवे किंग होटल पर हथियारबंद हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की और 7 दुकानों के शीशे तोड़ दिए। इस दौरान उन्होंने 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी। घटना सुबह 4 बजे की बताई है। जानकारी के अनुसार रविवार तड़के दो बाइक सवार बदमाश हाइवे किंग होटल पर पहुंचे। दोनों बदमाशों के पास हथियार थे। हथियारबंद बदमाश होटल में घुसे और काउंटर पर पर्ची फेंकते हुए दुकानों पर फायरिंग करने लगे। एक बदमाश होटल के सीसीटीवी कैमरे में फायरिंग करता हुआ दिखाई दे रहा है। बदमाशों ने 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। बदमाशों ने कहा कि अगर होटल चलान है तो फिरौती देनी होगी। दौनों बदमाश हरियाणा के बताए जा रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

नर्मदा नदी में डूबीं देवरानी-जेठानी

सिवनी मालवा (आरएनएस)। नर्मदापुरम में रविवार को नर्मदा नदी में देवरानी-जेठानी डूब गईं। दोनों ऋषि पंचमी पर शिवपुर के भिलाडिया घाट पर स्नान के लिए गई थीं। नहाने के दौरान गहरे पानी में चली गईं। लोगों की सूचना पर शिवपुर पुलिस मौके पर पहुंची। एनडीआरएफ की टीम ने 8 घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाया। अंधेरा होने पर इसे रोक दिया गया। सोमवार सुबह फिर से दोनों की तलाश की जाएगी। थाना प्रभारी विवेक यादव ने बताया, ' सुबह 10 बजे सूचना मिली थी कि नर्मदा घाट पर स्नान करने आई दो महिलाएं गहरे पानी में चली गईं। दोनों महिलाएं देवरानी रानू तंवर (22) और जेठानी रक्षा तंवर (28) हैं। दोनों ग्राम फरीदपुर की रहने वाली हैं। रानू तंवर की 4 महीने पहले ही शादी हुई है। रक्षा अपने पति सचिन तंवर के साथ अपनी देवरानी को लेकर भिलाडिया घाट आई थी। नहाने के दौरान जब महिलाएं डूबने लगी तो रक्षा के पति सचिन उनको बचाने के लिए नदी में कूदा, लेकिन पानी अधिक होने के चलते वो भी डूबने लगा। जिस पर आसपास नहा रहे लोगों ने उसे बचाकर बाहर निकाला।

भाला फेंक में नवदीप का रजत सोने में बदला : भारत की झोली में सातवां स्वर्ण, ईरानी एथलीट अयोग्य करार

पेरिस

भारत के पैरा भाला फेंक एथलीट नवदीप ने पुरुष भाला फेंक एफ41 स्पर्धा में निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नवदीप ने अपने तीसरे प्रयास में 47.32 मीटर का थ्रो किया जो उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा। हालांकि, इससे पहले नवदीप को रजत पदक विजेता घोषित किया गया था। बाद में ईरानी एथलीट बेत सयाह सादेघ को अयोग्य घोषित कर दिया गया। इस कारण नवदीप का रजत पदक स्वर्ण पदक के रूप में अपग्रेड कर दिया गया। इसी के साथ भारत अब तक इस पैरालंपिक में सात स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक समेत 29 पदक जीत चुका है। चीन के पेंगजियांग (44.72 मीटर) को इस स्पर्धा का रजत पदक मिला।

नवदीप की सफलता पर पीएम मोदी ने उन्हें बधाई संदेश भेजा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि पेरिस पैरालंपिक में सिल्वर जीतना आने वाली पीढ़ियों को इस खेल से जुड़ने और चुनौतियों का बुलंद हौसले के साथ डटकर मुकाबला करने के लिए प्रेरित करेगी।

ईरान के बेत सयाह सादेघ को बार-बार आपत्तिजनक झंडा दिखाने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया। सयाह ने अंतिम प्रयास में 47.64 मीटर भाला फेंक कर नया पैरालंपिक रिकॉर्ड कायम किया, लेकिन अपनी आपत्तिजनक हरकतों के कारण उन्हें पदक गंवाना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के नियमों के अनुसार एथलीट स्पर्धा में किसी तरह के राजनीतिक इशारे नहीं कर सकते। सयाह को खेल के प्रति अनुचित व्यवहार के कारण अयोग्य करार दिया गया।

नवदीप दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के गृहनगर पानीपत से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने बताया कि भाला फेंक स्पर्धा के लिए नीरज से ही प्रेरणा मिली। बकौल नवदीप, 'जब नीरज भाई ने जूनियर विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, तो मैंने सोचा कि वह भी हमारे शहर से हैं और मैं भी ऐसा कर सकता हूं।'

यह पुरुषों की भाला एफ41 श्रेणी में भारत का पहला स्वर्ण पदक है। एफ41 श्रेणी छोटे कद के एथलीटों के लिए है। नवदीप के इस स्वर्ण पदक के साथ टोक्यो पैरालंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रहने की कसक दूर हो गई। आयकर विभाग में निरीक्षक के पद पर तैनात नवदीप ने 2017 में खेलना शुरू किया था। बीते लगभग आठ साल में उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पांच बार पदक जीते हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में पैरा-विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

भारत पैरालंपिक के इतिहास में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुका है। उसने टोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित कुल 19 पदक जीते थे। नवदीप ने फाउल के साथ शुरुआत की और फिर दूसरे प्रयास में 46.39 मीटर का थ्रो किया। तीसरे प्रयास में हालांकि, वह सभी से आगे निकलने में सफल रहे और उन्होंने पैरालंपिक का रिकॉर्ड तोड़ा। पांचवें प्रयास में ईरान के बेत सयाह सादेघ ने 47.64 मीटर का थ्रो किया और नया पैरालंपिक रिकॉर्ड कायम कर दिया।

नवदीप ने फिर चौथे प्रयास में फाउल किया, जबकि पांचवें प्रयास में 46.05 मीटर का थ्रो किया। इसके बाद अंतिम और छठे प्रयास में फाउल कर बैठे। हालांकि, जब ईरानी एथलीट को अयोग्य करार दिया गया तो दूसरे नंबर पर रहे नवदीप के प्रदर्शन की बदौलत भारत की झोली में सातवां स्वर्ण पदक आ गया। नवदीप ने पैरालंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। जबकि इस स्पर्धा का कांस्य पदक इराक के नुखाइलावी वाइल्डन (40.46) ने जीता। ईरानी एथलीट की अयोग्यता के कारण हुए बदलाव से पहले कांस्य 44.72 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने वाले चीन के सुन पेंगजियांग को दिया गया था।

छत्तीसगढ़ में एल्युमिना रिफाइनरी में बड़ा हादसा, कोयले से भरा हॉपर गिरा; 3 मजदूरों की मौत- एक लापता

अंबिकापुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में रविवार को एक एल्यूमिना रिफाइनरी में कोयले से भरा हॉपर गिरने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। वहीं हादसे में एक अन्य श्रमिक घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि एक कर्मचारी लापता भी है, जिसका पता लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। एक अधिकारी ने एजेंसी को बताया कि यह घटना सुबह करीब 11 बजे रघुनाथपुर पुलिस चौकी के तहत सिलसिला गांव में मां कुदरगढ़ी एल्यूमिना रिफाइनरी में हुई।

अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कोयले से भरा एक स्टील टावर पर लगा हॉपर ढह गया और उसके नीचे काम कर रहे लोगों पर गिर गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को सतर्क कर दिया गया और एक टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारी ने कहा, 'अभी तक घटनास्थल से तीन श्रमिकों के शव निकाले गए हैं, और एक श्रमिक गंभीर हालत में पाया गया और अस्पताल में भर्ती है।' उन्होंने बताया कि एक अन्य कर्मचारी लापता बताया जा रहा है और उसका पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

श्रीलंकाई नौसेना ने भारत के 14 मछुआरों को किया गिरफ्तार

❐ सड़क पर उतरे परिजन

चेन्नई । आरएनएस



श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। नौसेना ने मछुआरों की नौकाओं को भी जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद मछुआरों के परिवारों और स्थानीय लोगों ने तमिलनाडु के पुदुकोट्टई जिले के जेगथापट्टिनम में रविवार को विरोध प्रदर्शन किया।

बता दें कि मछुआरों को गिरफ्तार किया गया।

मणिकांतन ने कहा, ' हमारे भाइयों को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया जा रहा है। जिससे अब मछली पकडऩे के लिए समुद्र में प्रवेश करने और अपनी आजीविका के नियमित साधनों को चलाने के बारे में मछुआरे चिंतित हैं। हमारे सामने गंभीर स्थिति पैदा हुई, लेकिन, राज्य और केंद्र सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

मछुआरों की तीन नौकाओं को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा जब्त कर लिया गया था। भले ही मछुआरों को श्रीलंका में कुछ दिनों की न्यायिक हिरासत के बाद रिहा कर दिया जाए, लेकिन हमारी नौकाओं को नहीं छोड़ा जाएगा। आगे नौकाओं को लंका सरकार द्वारा जब्त कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 14 मछुआरों की गिरफ्तारी के विरोध में मछुआरे और उनके परिवार के सदस्य सडक़ों पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने और नेदुनथीवु के पास मछली पकडऩे के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार मछुआरों में प्रदीप, रंजीत, प्रभाकरन और अजित शामिल हैं जो महादेवन की नाव पर थे। विश्व, आनंदराज, आनंदबाबू, कुबेंद्रन और शेखर जो सेंथिलकुमार की नाव पर थे, और मणिकंदन, मुथुकुमार, सेलाथम्बी, सेल्वम और सुरेश मणिकंदन की नाव पर थे।

तमिलनाडु के तटीय पुलिस अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों को श्रीलंका के कांकेसंथुराई नौसैनिक अड्डे पर ले जाया गया।

गौरतलब है कि तमिलनाडु के करीब 84 मछुआरे श्रीलंकाई अधिकारियों की हिरासत में हैं। गिरफ्तारियों के कारण तमिलनाडु के रामनाथपुरम, नागापट्टिनम और पुदुकोट्टई जैसे तटीय जिलों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है।

लखनऊ बिल्डिंग हादसे को लेकर राजनाथ सिंह ने जताया दुख, घायलों का इलाज और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

लखनऊ । आरएनएस

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में शनिवार को एक तीन मंजिला बिल्डिंग गिर गई। इसके मलबे में दबकर चार व्यक्तियों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 20 अन्य घायल हुए हैं और कई लोगों के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है।इस घटना को लेकर लखनऊ के सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, लखनऊ में एक भवन के गिरने से हुई दुर्घटना का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैंने लखनऊ के जिलाधिकारी से फोन पर बातचीत करके हालात की जानकारी प्राप्त की है। स्थानीय प्रशासन मौके पर राहत एवं बचाव कार्य कर रहा है और पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।

वहीं, डॉ. राजीव दीक्षित का कहना है कि 28 लोग घायल हालात में लाए गए थे, जिनमें से चार की मौत हो गई। तीन लोगों को स्थिति गंभीर होने की वजह से केजीएमयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। अन्य लोगों की स्थिति कंट्रोल में है, घायलों का इलाज किया जा रहा है।

एडीजी एलओ अमिताभ यश ने कहा कि मलबे से 28 लोगों को बाहर निकाला गया है, 4 लोगों की मौत हुई है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। लोगों की जान बचाना हमारी प्राथमिकता है। रेस्क्यू पूरा होने के बाद मामले की जांच की जाएगी। दमकल विभाग के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की दो टीमें बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि बिल्डिंग के गिरने की वजह का पता रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद ही चलेगा। फिलहाल घायलों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। विभिन्न विभागों को राहत और रेस्क्यू के कामों में लगाया गया है। सभी विभागों के समन्वय के साथ लोगों को बचाने के काम किया जा रहा है। पूरी बिल्डिंग को सर्च किया जा रहा है। सभी टेक्निकल इक्विपमेंट को सर्चिंग के लिए लगाया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस पूरी घटना पर नजर बनाए हुए हैं।

घटना में घायल आकाश का कहना है कि मैं बिल्डिंग में सेकंड फ्लोर पर काम रहा था। बारिश हो रही थी, इसी दौरान बिल्डिंग हमारे ऊपर आ गिरी। ऊपर भारी लोड होने के कारण बिल्डिंग गिर गई। बारिश के साथ भारी लोड के कारण यह घटना हुई।

घायल भानु का कहना है कि हम लोग काम रहे थे, तभी अचानक यह घटना हुई। मेरा मानना है कि बारिश और लोड के कारण यह हादसा हुआ। बिल्डिंग गिरने के कारण वहां मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। भानु ने कहा कि हम लोगों का इलाज अच्छे से चल रहा है। इस घटना में हमारे जीजा भी घायल हुए हैं। अभी तक हम लोगों के परिवार वालों को सूचना नहीं दी गई है।

मजदूरों से भरा लोडिंग वाहन खाई में गिरा, तीन की मौत, डेढ़ दर्जन घायल

रतलाम । आरएनएस

शनिवार की सुबह आदिवासी अंचल में मजदूरों से भरा लोडिंग वाहन चढ़ाई के दौरान रिवर्सर्स हुआ ओर खाई में गिर गया। हादसे में दो महिला और एक पुरुष की मौत हो गई, वहीं डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रावटी थाना अंतर्गत धोलाबड़ के पास खेड़ीखुर्द पंचायत के कई दर्जन मजदूर लोडिंग वाहन पिकअप में सवार होकर रतलाम मजदूरी करने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रिवर्स लेते समय खाई में चला गया और हादसा हो गया। इस दौरान आसपास गांव के लोगों ने सभी को खाई से निकाल और पुलिस को सूचना दी। एएसपी राकेश खाखा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। सभी को अस्पताल भेजा गया।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा: बदमाशों ने की पुलिस के हथियार लूटने की कोशिश- आर्मी हेलीकॉप्टर किए गए तैनात

इंफाल । आरएनएस

मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की घटनाएं देखने को मिल रही है। बीते दिन जिरीबाम जिलें में पांच लोगों की हिंसा में मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति की सोते समय हत्या कर दी गई। इस बीच पुलिस ने बताया कि कुछ बदमाशों ने इंफाल पूर्वी जिले में मणिपुर राइफल्स की दो बटालियनों के शस्त्रागार से हथियार लूटने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले और खाली राउंड फायर करके भीड़ को तितर-बितर कर दिया।

पुलिस के हथियार लूटने की कोशिश

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि देर शाम कुछ बदमाशों ने 7वीं और 2वीं मणिपुर राइफल्स बटालियन से हथियार लूटने का प्रयास किया, लेकिन संयुक्त सुरक्षा बलों ने भीड़ को सफलतापूर्वक तितर-बितर कर दिया। बाद में, जब सुरक्षा दल खाबेइसोई में स्थापित 7वीं बटालियन से लौट रहा था, तो बदमाशों ने उन पर गोलीबारी की, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए।

इसमें कहा गया है कि वरिष्ठ अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लाया। पुलिस एक बार फिर सभी से अपील कर रही है कि वे कानून को अपने हाथ में न लें। इस तरह के दुस्साहस में लिप्त बदमाशों से सख्ती से निपटा जाएगा और उन्हें गंभीर कानूनी परिणाम भुगतने होंगे।

निगरानी के लिए सैन्य हेलीकॉप्टर तैनात

इस बीच हिंसा की घटनाओं के चलते हवाई गश्त करने के लिए एक सैन्य हेलीकॉप्टर को भी तैनात कर दिया गया है और उग्रवादियों के ड्रोन को मार गिराने के लिए एंटी ड्रोन प्रणाली तैनात की गई है।

लूटे गए हथियार और गोला-बारूद बरामद

बता दें कि पिछले साल मई में मणिपुर में जातीय हिंसा भडक़ने के बाद, हिंसक भीड़ ने मणिपुर पुलिस के शस्त्रागार और जिलों में अन्य सुरक्षा चौकियों से 4000 से अधिक अत्याधुनिक हथियार और लाखों गोला-बारूद लूट लिए थे। सुरक्षा बलों ने बाद में बड़ी संख्या में लूटे गए हथियार और गोला-बारूद बरामद किए।

कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची, अब 3 कट और 10 बदलाव के साथ होगी रिलीज

नई दिल्ली । आरएनएस

कंगना रनौत की अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' चर्चा में हैं। इसे 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन विवादों के चलते फिल्म सेंसर बोर्ड में सर्टिफिकेशन के लिए फंसी हुई थी। अब रिलीज को सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन की ओर से हरी झंडी मिल गई है लेकिन, फिल्म को कुछ बदलावों के साथ रिलीज किया जाएगा। इसमें 10 बदलाव किए गए हैं, जिसकी लिस्ट सेंसर बोर्ड की ओर से मेकर्स को भेज दी गई है। साथ ही फिल्म में 3 कट भी हैं। फिल्म को सर्टिफिकेट 'र' सर्टिफिकेट दिया गया है।

कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' में दिखाए गए विवादित बयानों पर मेकर्स से सेंसर बोर्ड की ओर से फैक्ट्स की मांग की गई है। इसमें पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन द्वारा भारतीय महिलाओं के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी को दिखाया गया है। इसके साथ ही विंस्टन चर्चिल की भारतीयों को 'खरगोशों की तरह प्रजनन करने वाले' बताने वाली टिप्पणी भी शामिल है। सेंसर बोर्ड की मांग के बाद अब मेकर्स को इन दोनों ही विवादित बयानों पर सोर्स बताने होंगे।

फिल्म को सर्टिफिकेशन के लिए सेंसर बोर्ड के पास 8 जुलाई को जमा किया गया था। लेकिन, बढ़ते विवादों के चलते इसके सर्टिफिकेशन में देरी हुई। इसे 8 अगस्त को 3 कट सहित 10 बदलावों के सुझावों के साथ ्र सर्टिफिकेट दिया गया है। करीब 3 हफ्ते पहले सिख संस्था अकाल तख्त और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधनक कमेटी द्वारा फिल्म पर बैन लगाने की मांग की गई थी। ऐसे में अब सीबीएफसी की ओर से पत्र लिखकर मणिकर्णिका फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड को 10 बदलावों की लिस्ट भेजी है।

सेंसर बोर्ड की ओर से एक सीन को बदलने का सुझाव दिया गया है। बोर्ड की ओर से मांग की गई है कि या तो उसे डिलीट किया जाए या फिर चेंज किया जाए। इसमें पाकिस्तानी सैनिकों को बांग्लादेश शरणार्थियों पर हमला करते हुए दिखाया गया है, जिसमें एक सैनिक बच्चे का सिर तोड़ रहा है और दूसरे सीन में महिलीओं का सिर काट रहा है।